दिनांक: 23.07.2024 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने संसद में नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट पेश किया।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा –बजट हर वर्ग को नई ताकत देने वाला है।
- राज्यपाल कलराज मिश्र ने रैडक्रॉस से रक्तदान के साथ अंगदान, देहदान और नशा मुक्ति के लिए काम करने का आव्हान किया।
- बारां जिले में स्कूली छात्राओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए आज से पोषित लाडो अभियान शुरू।

000

वित्तमंत्री निर्मला सीतारामण ने आज लोकसभा में वर्ष 2024–25 का आम बजट पेश किया। यह नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट है। वित्तमंत्री ने व्यक्तिगत आयकर दरों के संबंध में नई कर व्यवस्था का विकल्प चुनने वालों के लिए दो घोषणाएं कीं। वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए स्टैंडर्ड डिडक्शन यानी मानक कटौती को 50 हजार रुपए से बढ़ाकर 75 हजार रुपए करने का प्रस्ताव किया गया है। पेंशनभोगियों के लिए पारिवारिक पेंशन पर कटौती को 15 हजार रुपए से बढ़ाकर 25 हजार रुपए करने का प्रस्ताव है। इससे नई कर व्यवस्था में लगभग चार करोड़ वेतनभोगियों और पेंशनभोगियों को लाभ होगा। नई कर

व्यवस्था में कर दर संरचना में भी संशोधन किया गया है। तीन लाख रुपए तक की आय पर कोई कर नहीं लगेगा। तीन से सात लाख रुपए तक की आय पर पांच प्रतिशत, सात सात से दस लाख रुपए तक दस प्रतिशत, दस से बारह लाख रुपए तक पंद्रह प्रतिशत, बारह से पंद्राह लाख रुपए तक बीस प्रतिशत और पंद्राह लाख रुपए से अधिक आय पर तीस प्रतिशत तक कर लगाए जाने का प्रस्ताव है। इससे नई कर व्यवस्था में वेतनभोगी कर्मचारी को आयकर में 17 हजार पांच सौ रुपए तक की बचत हो सकेगी। बजट में रोजगार, कौशल प्रशिक्षण, एम एस एम ई और मध्यम वर्ग पर ध्यान केन्द्रित किया गया है। रोजगार, कौशल प्रशिक्षण और अन्य अवसरों की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री की पांच योजनाओं और पहल पैकेज की घोषणा की गई है। प्रधानमंत्री पैकेज के भाग के रूप में रोजगार संबंधित प्रोत्साहन के लिए तीन योजनाएं लागू की जाएंगी। रोजगार पाने वालों को नियुक्त करने में कर्मचारियों और नियोक्ताओं की सहायता के लिए सब्सीाडी के रूप में एक महीने का वेतन दिया जाएगा। दूसरी योजना के अंतर्गत विनिर्माण क्षेत्र में अतिरिक्त रोजगार को प्रोत्साहन दिया जाएगा। तीसरी योजना नियोक्ताओं पर केन्द्रित होगी। कृषि और सबंधित क्षेत्रों के लिए एक लाख 52 हजार करोड रुपये का प्रावधान किया गया है। वित्त मंत्री ने ग्रामीण बुनियादी ढांचा सहित समग्र ग्रामीण विकास के लिए दो लाख 66 हजार करोड रुपये के प्रावधान की घोषणा की। अगले दो वर्ष में पूरे देश में एक करोड किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए सहायता दी जाएगी। वित्तमंत्री ने कहा कि सरकार, जनजातीय समुदायों की सामाजिक–आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान चलाएगी। उन्होंने कहा कि महिला नीत विकास को बढावा देने के उद्देश्य

से महिलाओं और बालिकाओं के लिए लाभकारी योजनाओं पर तीन लाख करोड रुपये से अधिक का आवंटन किया गया है। वित्तमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के दूसरे चरण में सरकार एक करोड शहरी निर्धन और मध्यम वर्गीय परिवारों की आवास जरूरतें पूरी करने के लिए दस लाख करोड रुपये का निवेश करेगी।

000

केन्द्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह बजट हर वर्ग को नई ताकत देने वाला है। एक वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बजट से भारत को वैश्विक विनिर्माण केन्द्र बनाने में मदद मिलेगी।

..................

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने बजट को सभी नागरिकों के सपने पूरा करने वाला बजट बताया। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने विकसित भारत के लिए जो रोडमैप बनाया है, वित्त मंत्री ने उसके अनुरूप ही रोजगार, कौशल विकास, व्यापार–उद्योग जगत तथा मध्यम वर्ग के लिए आगे बढ़ने के शानदार अवसर प्रस्तुत किए हैं।
केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बजट में एम.एस.एम.ई क्षेत्र के लिये की गई घोषणाओं की सराहना की।

................

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि केन्द्रीय बजट नये भारत को वैश्विक विकास का अग्रदूत बनाने का रोडमैप है। भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र राठौड ने बजट को ऐतिहासिक और क्रांतिकारी बताते

हुए कहा कि सरकार का फोकस गरीब, महिला, किसान और युवा सहित प्रत्येक वर्ग की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने पर है।

कांग्रेस ने बजट की आलोचना करते हुए कहा कि इसमें आय असमानता दूर करने के लिए कुछ नहीं किया गया है। पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि बजट में ईआरसीपी और यमुना लिंक योजनाओं के लिए कोई घोषणा नहीं करना प्रदेश की जनता के साथ छलावा है। संसद से बाहर मीडिया से बातचीत में कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि बजट में मनरेगा का कोई उल्लेख नहीं है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने बजट को निराशाजनक बताया।

------------------

उद्योगों ने केंद्रीय बजट 2024–2025 का स्वागत किया है। नई दिल्ली में मीडिया से वर्चुअली बात करते हुए फिक्की के अध्यक्ष अनीश शाह ने बजट की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह बजट विकासोन्मुख है जो युवाओं, महिलाओं और किसानों सहित कई क्षेत्रों पर केंद्रित है।

फिक्की के विशेष समूह के पदाधिकारी अजय डाटा ने कहा कि यह विकास को गति देने वाला बजट है।

------------------

एसोचैम के महासचिव दीपक सूद ने केंद्रीय बजट को सभी बिन्दुओं को संतुलित बजट बताया है। राज्य के युवाओं ने भी बजट की तारीख की है। जयपुर के राजू मीणा ने इसे हर वर्ग के लिये लाभकारी बताया।

------------------

000

राज्यपाल कलराज मिश्र ने प्रदेश की जिला रेडक्रॉस शाखाओं से रक्तदान शिविरों के साथ–साथ अंगदान, देहदान और नशा मुक्ति के लिए भी काम करने का आव्हान किया है। उन्होंने टीबी मुक्त भारत अभियान के अंर्तगत रेडक्रॉस सोसायटी सदस्यों द्वारा निक्षय मित्र बनाकर राजस्थान को टीबी मुक्त किए जाने पर भी जोर दिया है। श्री मिश्र आज राजभवन में आयोजित इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, जनजातीय क्षेत्र विकास तथा विश्वविद्यालय से जुड़े स्थानीय मुद्दों की विशेष समीक्षा बैठक में संबोधित कर रहे थे। बैठक में राज्य के सभी संभागीय आयुक्त और सभी 50 जिलों के जिला कलक्टर ऑनलाइन सम्मिलित हुए।

000

...............

बारां जिले में आज से पोषित लाडो अभियान शुरू हुआ। स्कूली छात्राओं के स्वास्थ्य को लेकर पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में अभियान का शुभारंभ जिला कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में किया। इस दौरान चिकित्सा विभाग की ओर से छात्रावास में रह रही बालिकाओं की एनीमिया जांच भी की गई। जिला कलेक्टर ने बताया कि पोषित लाडो अभियान आगामी 3 माह तक चलेगा। अभियान के तहत जिले के विभिन्न छात्रावासों और स्कूलों में पढ़ने वाली छात्राओं की स्वास्थ्य जांच की जाएगी। साथ ही उचित पोषण और उपचार भी दिया जायेगा। इस अभियान में शिक्षा विभाग, महिला बाल विकास और चिकित्सा तथा स्वास्थ्य विभाग शामिल रहेंगे।

000

सुप्रीम कोर्ट ने आज पेपर लीक और अनियमितताओं के आधार पर नीट–यूजी 2024 परीक्षा रद्द करने से इनकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने इस संबंध में कई याचिकाओं की सुनवाई के बाद ये आदेश पारित किया। न्यायालय ने कहा कि पेपर लीक प्रणालीगत था जिससे पूरी परीक्षा की पवित्रता प्रभावित हो रही थी, इस बारे में कोई साक्ष्य पेश नहीं किया गया है। न्यायालय ने यह भी कहा कि परीक्षा दुबारा आयोजित करने का आदेश देने से गंभीर परिणाम होंगे, जिससे 23 लाख से अधिक छात्र प्रभावित होंगे।

000

कारगिल विजय की रजत जयंती के उपलक्ष्य में आज बीकानेर में रणबांकुरा डिवीजन द्वारा **'अपने सशस्त्र बलों को जानें'** विषय पर शस्त्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन रणबांकुरा डिविजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग, मेजर जनरल ए.के. पुंडीर ने किया। इस दौरान करगिल युद्ध में लड़ने वाले सैनिकों की वीरता और साहस को प्रदर्शित करने के लिए वृत्तचित्र भी दिखाया गया। कार्यक्रम में भारतीय सेना की महिला अधिकारियों ने उपस्थित लोगों विशेषकर बच्चों के साथ बातचीत की और भारतीय सेना में महिलाओं के नेतृत्व और भूमिका पर अनुभव साझा किए। युवाओं और स्कूली बच्चों ने भी सैनिकों से बातचीत की।

000

प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई। सवाईमाधोपुर में दोपहर में बरसात हुई। बादल छाने और ठण्डी हवा चलने से शहर में तापमान में गिरावट हुई है। जयपुर और आसपास के इलाकों में हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग ने आज भरतपुर, जयपुर, कोटा संभाग तथा शेखावाटी क्षेत्र में कहीं–कहीं भारी बारिश और एक दो स्थानों पर बहुत भारी बारिश की संभावना जताई है। आज जयपुर और दौसा के लिए ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है। सवाईमाधोपुर, करौली, कोटा, अलवर, झालावाड, बूंदी, बारां, राजसमंद, भीलवाड़ा जिलों के लिए यैलो अलर्ट जारी किया गया है।

000